# न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

2

**अनुमति वाद संख्या :— 64/20—21**

**(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा — 46)**

**सनिका मुण्डा** — **विक्रेता**

**एलिसाबा देवी** — **क्रेता**

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | |
|---|---|---|
| 18.09.2020 | **आदेश**<br>आवेदक सनिका मुण्डा पिता स्व0 सुन्दर मुण्डा ग्राम—ईठे, थाना मुरहू, जिला खूँटी, ने एलिसाबा देवी पति श्री तुरिया मुण्डा ग्राम—मेराल, थाना मुरहू, जिला खूँटी, के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।<br><br>ग्राम: ईठे; थाना नं0: 250; खाता नं0: 52; खेसरा सं0: 343; रकबा (एकड़ में): 0.10<br><br>आवेदक अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय/जाति प्रमाणपत्र/खतियान एवं लगान की रसीद सं0 0584482576 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, मुरहू के पत्रांक 576 दिनांक 12.09.20 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि का खतियानी रैयत का नाम हालु मुण्डा वगैराह हैं। पंजी II के अनुसार सिवा मुण्डा वगैराह के नाम भूमि का रकवा 51.05 एकड़ है। आवेदक के हिस्से में कुल रकवा 3.19 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2018—19 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित दर 6998.00(छः हजार नौ अन्ठानब्बे)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास भूमि अवशेष 3.09 एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।<br>आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना मुरहू के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु वि क्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, मुरहू ने आवेदक क्रेता—विक्रेता को भूमि क्रय—विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।<br>आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, मुरहू से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण सनिका मुण्डा पिता स्व0 सुन्दर मुण्डा को एलिसाबा देवी पति श्री तुरिया मुण्डा के साथ ग्राम ईठे के खाता सं0 52 खेसरा संख्या 343 कुल रकबा 0.10 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 6998.00(छः हजार नौ अन्ठानब्बे)रू0 प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, मुरहू के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है।<br>इस आदेश से अन्य अंशदार या हिस्सेदार का हक प्रभावित नहीं होगा। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।<br><br>लेखापित एवं संशोधित<br>18/09/20<br>भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूँटी।<br><br>18/09/20<br>भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूँटी। | |

| ग्राम | थाना नं0 | खाता नं0 | खेसरा सं0 | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| ईठे | 250 | 52 | 343 | 0.10 |